प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

28.05.2024/प्रादेशिक समाचार/9:20बजे

चुनाव प्रचार

प्रदेश में एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रचार– अभियान अंतिम चरण की ओर बढ़ रहा है और अब केवल 4 दिन ही शेष रह गए हैं। भाजपा व कांग्रेस दोनों ही प्रमुख दलों के शीर्ष केन्द्रीय नेता प्रदेश में चुनाव प्रचार के लिए आ रहे हैं और मतदाताओं को रिझाने का प्रयास कर रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज प्रदेश में तीन जनसभाओं को संबोधित करेंगे। उनका किन्नौर जिले के शोल्टू, शिमला जिले के ननखरी और रोहड़ू में जनसभा को संबोधित करने का कार्यक्रम है। इसके बाद वे बिलासपुर के विजयपुर में भी एक बैठक करेंगे।

इधर कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी आज गगरेट व कुटलेहड़ विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को सम्बोधित करेंगी। इसके बाद वे हमीरपुर जिला के बड़सर में एक रोड शो भी करेंगी। इस दौरान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह और उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री भी मौजूद रहेंगे।

अनुराग ठाकुर

केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस व उसके सहयोगी दलों पर जाति, धर्म व क्षेत्र के नाम पर वोट मांगने का आरोप लगाया है। झंडूता, भोरंज और हमीरपुर मंडल में आयोजित विभिन्न जनसभाओं में उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने जन कल्याण के लिए अभूतपूर्व कार्य किया है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि सैन्य क्षेत्र को मजबूत करने के लिए मोदी सरकार ने अनेक सराहनीय कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि केवल बॉर्डर पर ही 6 हजार 8 सौ किलोमीटर से ज्यादा सड़कें बनाई गई हैं और बीते वर्ष देश में एक लाख करोड़ से ज्यादा रक्षा उत्पादन किया गया है।

मुख्यमंत्री

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि इस चुनाव में धनबल की नहीं बल्कि जनबल की जीत होगी। धर्मशाला में कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र जग्गी के पक्ष में चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक ने धर्मशाला के विकास में कोई योगदान नहीं दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव के बाद धर्मशाला में विकास की गति को और तेज किया जाएगा।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि जनता ने पूरी तरह से भाजपा को समर्थन देने का मन बना लिया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 2022 के विधानसभा चुनावों

में झूठे वायदों के दम पर सत्ता हासिल की थी। बिंदल ने कहा कि प्रदेश सरकार चुनावी गारंटियों को पूरा करने में नाकाम रही है। उन्होंने कांग्रेस पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप भी लगाया है।

मौसम

प्रदेश के अनेक भागों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। तापमान बढ़ने से लोगों को गर्मी से जूझना पड़ रहा है। ऊना में कल 44 डिग्री सैल्सियस तापमान दर्ज किया गया जबकि बिलासपुर का तापमान 42 दशमलव 7 डिग्री सैल्सियस रहा। प्रदेश के अन्य स्थानों पर तापमान 40 डिग्री सैल्सियस के आसपास बना हुआ है। गर्मी के मद्‌दनेज़र ऊना जिला प्रशासन ने सभी सरकारी व निजी प्री प्राइमरी और प्राइमरी स्कूल आज भी बंद करने का निर्णय लिया है।

अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....

राजनीतिक बयानबाजी और गर्मी से जुड़ी खबरों को आज अधिकांश समाचार पत्रों ने प्रमुखता दी है। पंजाब केसरी ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के बयान को शीर्षक दिया है भाजपा में सरकारें गिराने की साजिश और मकसद सिर्फ सत्ता। इसी अखबार ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के हवाले से सुर्खी दी है कांग्रेस का पाकिस्तान से नापाक रिश्ता।

अमर उजाला ने प्रियंका गांधी के हवाले से लिखा है कारोना वैक्सीन बनाने वाली कंपनी से 52 करोड़ और गुजरात में जिस पुल के गिरने से सैंकड़ों मौतें हुई, उस ठेकेदार से भी भाजपा ने लिया चंदा जबकि दिव्य हिमाचल ने सुर्खी दी है आपदा के समय हिमाचल क्यों नहीं आए मोदी।

दैनिक जागरण की एक खबर है कंगना के आपत्तिजनक फोटो मामले में कार्रवाई करेंगे डीजीपी। इसी अखबार की एक अन्य खबर है पुलिस वर्दी में रील व फोटो अपलोड की तो जा सकती हे नौकरी।

6 जिलों में आज लू का ऑरेंज अलर्ट, 6 स्थानों में पारा 40 डिग्री के पार शीर्षक से हिमाचल दस्तक लिखता है 29 व 30 मई को भी हीट वेव का यलो अलर्ट, मौसम विभाग ने 31 मई को जताई बारिश की संभावना। दैनिक भास्कर के अनुसार प्रदेश के 6 जिला में पारा 40 डिग्री पार, आज लू चलने से 45 डिग्री तक छू सकता है पारा। आपका फैसला लिखता है प्रदेश के कई भागों में 30 मई से 2 जून तक हो सकती है बारिश।

सीपीएस की नियुक्ति को चुनौती वाली याचिकाओं पर 30 को बहस दैनिक भास्कर की एक खबर है।च